प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल के गठन को लेकर सरगर्मी तेज, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच विचार–मंथन जारी।
2. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने शीर्ष नेतृत्व को सौंपी नवनिर्वाचित विधायकों की सूची, मंत्रियों के नाम पर कल तक अंतिम फैसला की संभावना।
3. झारखंड भाजपा नेताओं की आज दिल्ली में केन्द्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक, विधानसभा चुनाव के परिणाम की होगी समीक्षा।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के उच्चाधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा की, राजस्व संग्रह में तेजी लाने का दिया निर्देश।
5. मौसम विभाग ने पांच दिसंबर के बाद राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने का जताया पूर्वानुमान, तापमान में आयेगी पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट।

**********************

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच विचार मंथन का दौर जारी है। इस सिलसिले में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और राज्य के सभी 16 नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी। बाद में श्री मीर ने पत्रकारों को बताया कि एक–दो दिनों में मंत्रिमंडल का विस्तार कर लिया जायेगा। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस दिन मंत्रिमंडल विस्तार की तिथि तय करेंगे, उसके एक दिन पहले कांग्रेस की ओर से मंत्रियों की सूची सौंप दी जायेगी।

**********************

प्रदेश भाजपा नेताओं की दिल्ली में आज केन्द्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर रांची में हुई दो दिवसीय समीक्षा बैठक के निष्कर्षों पर चर्चा होगी। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने कहा कि पार्टी आगे भी व्यापक दृष्टिकोण के साथ काम करती रहेगी।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के उच्चाधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व संग्रह में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सलाह दी कि अतिरिक्त राजस्व संग्रह के लिए नये स्त्रोतों की संभावनाओं की भी तलाश की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे एक–एक कर सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा करेंगे और राज्य में विकास की गति को तेज करेंगे।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने अवमानना मामले में राज्य के शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक के वेतन पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी है। अदालत ने शिक्षा सचिव और निदेशक के साथ ही रांची के जिला शिक्षा पदाधिकारी को तीन जनवरी को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है।

**********************

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस है। इस मौके पर झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय कार्यों के लिए तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार दिव्यांगजनों का जीवन सुगम बनाने की सोलह परिवर्तनकारी पहल की घोषणा करेंगे।

**********************

लगभग दो हजार पूर्व सैनिकों को एनसीसी कैडेटस को प्रशिक्षण देने के लिए अकादमियों में नियुक्त किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार को दिए साक्षात्कार में राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कहा कि अग्निवीर योजना में एनसीसी कैडेट उत्साह से भाग ले रहे हैं।

*********************

धनबाद जिले में जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने लिए जिला प्रशासन की ओर से अभियान तेज कर दिया गया है।

*********************

मौसम विभाग ने पांच दिसंबर के बाद राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा कि तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ेगी और सुबह–शाम ठंडी हवा चलने की भी संभावना है।

*********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जन शिकायतों के निवारण के लिए एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया। यह नंबर 9430328080 है। रांची के उपायुक्त ने कहा कि इस पहल के जरिये जनसमस्याओं पर जिला प्रशासन की नजर रहेगी। इससे समस्याओं का त्वरित निष्पादन में मदद मिलेगी।

*********************

हजारीबाग में अज्ञात अपराधियों ने कटकमदाग प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीता के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने इस घटना को शहर के झील परिसर पास अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के धड़ पकड़ के लिए पूरे शहर में पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही कवायद की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– दो दिनों में होगा हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार।

दैनिक जागरण लिखता है– कांग्रेस से सूची मिली तो पांच को हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए की गयी उच्चस्तरीय बैठक की खबर को सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर के शब्द हैं– ममता अड़ी, कहा– बाहर नहीं जायेगा आलू, झारखंड में दो से पांच रुपये दाम बढ़े।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– स्पीकर के साथ सर्वदलीय बैठक के बाद संसद में गतिरोध खत्म।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी पक्ष–विपक्ष के बीच संसद में गतिरोध खत्म करने पर सहमति बनने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********************